an>

Title: Regarding construction of a railway underpass or level Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद शाहजहांपुर (उ.प्र.) के विकास खंड निगोही के ग्राम चकसफौरा हाल्ट के निकट मानवरहित गेट नं. 41 सी व कि.मी. नं. 44/89 था, जिसे रेलवे विभाग द्वारा पूर्णत: बंद किया जा रहा है ।

इस संबंध में, मैं सरकार को अवगत कराना चाहूंगा कि जनपद शाहजहांपुर व जनपद पीलीभीत के दर्जनों गांव के ग्रामीणों को कृषि कार्य हेतु पंपिंग सेट, बुग्गी, ट्रैक्टर आदि इसी मार्ग से होकर ले जाना पड़ता है । अत: ऐसी स्थिति में उक्त रेलवे फाटक बंद होने से किसानों व राहगीरों को लगभग 06 कि.मी. की अत्यधिक दूरी तय करके घूमकर आना-जाना होगा, जिससे इनके दैनिक क्रियाकलाप प्रभावित होंगे ।

इस संबंध में, मैंने माननीय रेल मंत्री जी को दिनांक 26 जुलाई, 2021 को पत्र लिखकर और दिनांक 21.10.2021 में पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक से भेंट के माध्यम से निवदेन किया है कि दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए उक्त तालगांव-रोहनियां सम्पर्क मार्ग के रेलवे गेट पर सदैव के लिए अंडरपास/रेलवे क्रासिंग बनवाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए ।

मेरा पुन: अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित ग्राम तालगांव-रोहनियां सम्पर्क मार्ग के रेलवे गेट पर अंडरपास/रेलव क्रासिंग बनवाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही अविलंब की जाए ।